राजस्थान सरकार

आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan

Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांकः. CCE/ISDC/ NICE/2020/Spl./...16...

Date: 20 मई 2020

प्राचार्य,

समस्त राजकीय महाविद्यालय, राजस्थान।

विषय : महाविद्यालयों द्वारा सत्र 2019–20 में किये गये **वृक्षारोपण** एवं **ग्रीन कैम्पस** के लिये गये कार्यों की प्रगति के सम्बंध में अद्यतन सूचना **बुकबैंक वीकली** स्प्रैडशीट में भरकर प्रेषित करने बाबत।

सन्दर्भ : आकाशि का पत्रांक CCE/ISDC/ NICE/2020/Spl./13; Date: 15 मई 2020

महोदय,

आयुक्तालय के उपर्युक्त आदेश के कम में सत्र 2019–20 में आपके महाविद्यालय द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों के संचालन की प्रगति से आप द्वारा आयुक्तलाय कॉलेज शिक्षा, जयपुर को अविलम्ब अवगत करवाया जाना अपेक्षित है।

1. सत्र 2019–20 में महाविद्यालय द्वारा वृक्षारोपण गतिविधियों के अन्तर्गत लगायो गये वृक्षों की संख्या एवं इस प्रयोजनार्थ महाविद्यालय द्वारा अथवा दान दाताओं के सहयोग से/समूह योगदान द्वारा व्यय की गई राशि। इसके लिये ग्रीन कैम्पस विकसित किये जाने की स्थिति में प्रमाण स्वरुप परिसर के केवल 02 श्रेष्ठतम फोटो भी भिजवायें।
2. सत्र 2019–20 में महाविद्यालय द्वारा आयोजित पौधा/पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन। इसमें प्रदर्शनी देखने हेतु आये दर्शकों की संख्या, व्यय तथा उपलब्धि का विवरण दिया जाना है। इस आयोजन के प्रमाण स्वरुप केवल 4–5 श्रेष्ठतम फोटोग्राफ्स भी रिपोर्ट के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
3. सत्र 2019–20 में महाविद्यालय के किसी प्राध्यापक द्वारा वृक्षारोपण का विशेष कार्य किया गया हो तो उसमें संबंधित संकाय सदस्य के द्वारा किये गये कार्य/एकल प्रयास एवं उनके द्वारा व्यय की गई राशि का विवरण दिया जाना है। इसके लिये प्रमाण स्वरुप केवल 4–5 श्रेष्ठतम फोटोग्राफ्स भी रिपोर्ट के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

उपर्यक्त सूचनाएं आपके महाविद्यालय की ई–मेल पर उपलब्ध स्प्रैडशीट **बुकबैंक वीकली** के **कॉलम संख्या BT से BZ तक में भरवायी जानी हैं।** इसके अतिरिक्त यदि वृक्षारोपण कार्य किया गया है तो एक संक्षिप्त रिपोर्ट जिसमें उपर्युक्त क्रम 01 से 03 तक यथा वांछित सूचनायें सम्मिलित करते हुए नवाचार प्रकोष्ठ की ई–मेल **innovation.cceraj@gmail.com** पर आवश्यक रुप से **दिनांक 23 मई 2020 तक भिजवाया सुनिश्चित करें।**

इस संबंध में किसी प्रकार के मार्गदर्शन हेतु डा. विनोद कुमार भारद्वाज, प्रभारी अधिकारी, नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ से उनके मोबाइल नम्बर 9414304650 पर सम्पर्क करें।

बी.एल. गोयल, RAS
अतिरिक्त आयुक्त कॉलेज शिक्षा

पत्रांकः CCE/ISDC/ NICE/2020/Spl./...16... Date: 20 मई 2020

1. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, जयपुर।
2. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त कॉलेज शिक्षा, जयपुर।
3. समस्त संयुक्त निदेशक, आकाशि, जयपुर।
4. समस्त प्राचार्य, राजकीयं महाविद्यालय, राजस्थान को आवश्यक सूचना प्रेषित करने हेतु।
5. सभी संबंधित प्रभारी अधिकारी, आकाशि, जयपुर।
6. वैब प्रभरी को अपलोड/ई–मेल करने हेतु।

20/5/2020
डा. विनोद कुमार भारद्वाज
प्रभारी अधिकारी, नवाचार एवं कौशल विकास